राज्य स्थापना दिवस की 21वीं वर्षगाँठ

चर्चा में क्यों?

9 नवंबर, 2021 को उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण (भराड़ीसैंण) विधानसभा परिसर में शहीद राज्य आंदोलनकारियों को नमन करते हुए विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास के साथ ही प्रदेश के विकास के लिये महत्त्वपूर्ण घोषणाएँ भी कीं।

प्रमुख बिंदु

- राज्य स्थापना दिवस की 21वीं वर्षगाँठ पूरी गरिमा के साथ 'उत्तराखंड महोत्सव' के रूप में मनाई गई।
- राज्य स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री ने भराड़ीसैंण में निम्नलिखित प्रमुख घोषणाएँ कीं-
    - उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों, जिनको 3100 रुपए पेंशन प्राप्त हो रही है, को बढ़ाकर 4500 रुपए तथा जिनको 5000 रुपए पेंशन प्राप्त हो रही है, को बढ़ाकर 6000 रुपए किया जाएगा।
    - राज्य के प्रत्येक जनपद मुख्यालय पर अध्ययनरत छात्राओं हेतु एक-एक महिला छात्रावास का निर्माण किया जाएगा। साथ ही जनपद मुख्यालयों पर कामकाजी महिला छात्रावास का निर्माण किया जाएगा।
    - सरकारी अस्पतालों में जच्चा-बच्चा के सुरक्षित स्वास्थ्य हेतु अस्पतालों में 48 घंटे रुकने वाली प्रसूता महिला को 2000 रुपए उपहार धनराशि भेंट की जाएगी।
    - 11 से 18 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को टीएचआर सुविधा प्रदान की जाएगी। 11 से 18 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को सेनेटरी नैपकीन उपलब्ध कराने हेतु प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्रों में सेनेटरी नैपकीन वेंडिंग मशीन की स्थापना की जाएगी।
    - क्रॉनिक डिजीज़ (दीर्घकालिक एवं पुरानी बीमारियाँ) के उपचार में ली जाने वाली दवाइयों को निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।
    - देहरादून एवं हल्द्वानी में नशामुक्ति केंद्र की स्थापना की जाएगी।
    - राज्य में स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ अरबन डेवलपमेंट की स्थापना की जाएगी।
    - ई-डिस्ट्रिक्ट के माध्यम से संचालित 32 सेवाओं को अद्यतन करते हुए कुल 75 सेवाओं तथा सेवा का अधिकार अधिनियम में अधिसूचित अवशेष 190 सेवाओं को शीघ्र ही 'अपणि सरकार पोर्टल' के माध्यम से संचालित कर आम जनमानस को लाभान्वित किया जाएगा।
    - प्रदेश में खेल को प्रोत्साहित करने तथा युवाओं को खेल की विभिन्न विधाओं से जोड़ने के लिये 'खेल नीति, 2021' लागू की जाएगी।
    - उत्तराखंड में 'स्वास्थ्य पर्यटन' से राज्य की आर्थिकी को बढ़ाने हेतु गढ़वाल मंडल विकास निगम एवं कुमाऊँ मंडल विकास निगम के पर्यटक गृहों में आयुष वेलनैस सेंटर खोले जाएंगे।
    - भराड़ीसैंण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान बनाया जाएगा।
    - आदिबद्री और घाट क्षेत्र को नगर पंचायत बनाया जाएगा।
- मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान 12943.40 लाख रुपए की 36 योजनाओं का लोकार्पण एवं 9554.66 लाख रुपए की 33 योजनाओं का शिलान्यास किया, जिसमें विधानसभा बद्रीनाथ के अंतर्गत 5110.90 लाख रुपए की 10 योजनाओं का लोकार्पण एवं 3506.43 लाख रुपए की 10 योजनाओं का शिलान्यास शामिल हैं।
- इसी प्रकार कर्णप्रयाग विधानसभा के अंतर्गत 3097.48 लाख रुपए की 9 योजनाओं का लोकार्पण एवं 2781.50 लाख रुपए की 11 योजनाओं का शिलान्यास तथा थराली विधानसभा के अंतर्गत 4735.02 लाख रुपए की योजनाओं का लोकार्पण एवं 3166.73 लाख रुपए की योजनाओं का शिलान्यास किया गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/21st-anniversary-of-state-foundation-day